तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 खम्भे लगे कनेक्शन दिए पर बिजली के लिए ग्रामीणों को सौर ऊर्जा का सहारा



## खबर संक्षेप

### माइनिंग और ई एण्ड एम के कई अधिकारी बने जीएम

**कोरबा।** कोल इंडिया के माइनिंग और ईएंडएम संवर्ग के कई अधिकारी जीएम बन गए। इंटरव्यू बोर्ड ने उनके नाम की अनुशंसा कर दी है। अब आदेश निकलने की मात्र औपचारिकता होनी है। माइनिंग और ईएंडएम संवर्ग के अधिकारियों को ई-7 से ई-8 में प्रमोशन दिया जाना है। इसके लिए प्रबंधन ने विभिन्न तिथियों को इंटरव्यू लिया था। इंटरव्यू देने वाले अधिकारी विभिन्न सहायक कंपनियों में पदस्थापित हैं। प्रोन्नति के बाद उनका तबादला भी हो सकता है। अनुशंसित अधिकारियों की अद्यतन मंजूरी प्राप्त करने पर आदेश जारी किए जाएंगे। आदेश जारी होने की तिथि से प्रोन्नति प्रभावी होगी। पदस्थापन स्थान का उल्लेख आदेश में किया जायेगा। प्रोन्नति आदेश जारी होने के बाद निर्दिष्ट समय के भीतर पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। ऐसा नहीं करने पर प्रोन्नति आदेश रद्द माना जाएगा।

### कोल इंडिया लिमिटेड वेलफेयर बोर्ड की बैठक 29 को

**कोरबा।** यूनियन प्रतिनिधियों में बीएमएस से टिकेश्वर सिंह राठौर, एचएमएस से शंकर प्रसाद बेहेरा, एटक से अशोक यादव, सीटू से पीएस पाण्डेय शामिल हैं। कोल इंडिया लिमिटेड के वेलफेयर बोर्ड की 52वीं बैठक 29 जून को आयोजित होगी। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में होने वाली इस बैठक में सीआईएल एवं अनुषांगिक कंपनियों के अधिकारियों के साथ यूनियन प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। यूनियन प्रतिनिधियों में बीएमएस से टिकेश्वर सिंह राठौर, एचएमएस से शंकर प्रसाद बेहेरा, एटक से अशोक यादव, सीटू से पीएस पाण्डेय शामिल हैं।

### कल होगी यूजीसी नेट की परीक्षा

**कोरबा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली (एनटीए) द्वारा यूजीसी नेट जून 2024 का आयोजन कोरबा जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको नगर कोरबा में बुधवार 18 जून को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय 9.30 से 12.30 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 3 से शाम 6 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 724 एवं दूसरी पाली में 650 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के प्राचार्य कैलाश पंवार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राचार्य श्री पवार ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल बालकोनगर कोरबा को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली (एनटीए) के निर्देशानुसार पहली पाली में परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसी प्रकार दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा।

### महामृत्यंजय जाप व रूद्राभिषेक का आयोजन

**कोरबा।** जिले के ग्राम उरगा सिलयारीभांठा में विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच ललिता समेलाल जगत द्वारा 16 जून से महामृत्यंजय जाप व रूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। 22 जून तक चलने वाले यज्ञ और महाजाम का समापन भोग भंडारा व प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर 7 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में आसपास के लोग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आचार्य नागेन्द्र महाराज, वैदिक पंडित अभय पाण्डेय, राम सजीवन पाण्डेय, विरेन्द्र पाठक, गोविंद पाण्डेय के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से वार्डवासियों को गर्मी में नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगर पंचायत का ओहदा मिलने के बाद भी छुरीकलावासी पिछड़े गांवों की तरह उपेक्षित जीवन जीने मजबूर हैं। लगभग 9 साल बाद भी पीएचई 14 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से समूचे नगरवासियों को जल आपूति शुरू नहीं कर सकी। इसके लिए नई पाइप लाइन बिछाए जाने का इंतजार है। हालात ऐसे हैं कि भीषण गर्मी में नगरवासी 22 साल पुरानी योजना के बिछाए कनेक्शन से किसी तरह प्यास बुझा रहे हैं।

योजना के तहत दर्री बांध का पानी को उपचारित कर नगर तक पहुंचाना है। पूरी राशि ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और डांडग़ांव हसदेव नदी से पानी पाइप लगाने में खर्च हो गए। 4 करोड़ अतिरिक्त लागत बढने के कारण नया पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हुआ। समस्या निदान नहीं होने से नगरवासी जल संकट से जूझ रहे हैं। वर्तमान में नगर के नगर में पानी की आपूर्ति 22 साल पुराने नलजल योजना से हो रही है। पहले यहां की आबादी ढाई हजार थी, जो बढक़र 13 हजार से भी अधिक हो गई है। बोर से इतने लोगों के लिए पानी की आपूर्ति संभव नहीं है। जल आवर्धन शुरू होने से लोगों को आए दिन होने वाली पेयजल समस्या से मुक्ति की आशा बन गई थी। जगह जगह से टूट चुके पाइप लाइन से मटमैला पानी आने से समस्या फिर से नगर में विकट हो गई है। जल आवर्धन को मूर्तरुप दिए जाने के लिए तीन चरणों में काम किया जाना था। इसमें दर्री बांध से छुरी तक पाइप बिछाना, जल उपचार संयंत्र तैयार करना व नगरीय क्षेत्र में नया पाइप लाइन बिछाना शामिल था। तीनों कार्य के लिए अलग-अलग निविदा की गई। प्रथम चरण के कार्य में जल उपचार संयंत्र और बाध से छुरी तक पाइप बिछाने का काम तो हुआ हुआ लेकिन पूरे नगर में एक साथ पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन से पानी आपूर्ति की योजना अभी भी अधूरी है। बीते वर्ष पीएचई विभाग ने इसकी औपचारिक शुरूआत कर दी, लेकिन पूर्ण समाधान के लिए कारगर कदम नहीं उठाया गया। नगरवासियों का कहना है कि जब तक नया पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा नहीं होगा तब जल संकट से छुरी नगर मुक्ति मिलना कठिन है। स्थाई जनप्रतिनिधित्व नहीं होने की वजह से नगर का कामकाज पूरी तरह से ठप है। कोसगई व संत फलाहारी वार्ड में टैंकर के भरोसे नलजल योजना के तहत जारी जल आपूर्ति के लिए नगर के 6 वार्डों में अब भी पाइप लाइन नहीं बिछी है। कोसगाई वार्ड, संत पुलाहारी, बिंझपुर, सतनाम आदि ऐसे वार्ड हैं जिन्हे अब भी मुख्य पाइप लाइन से नहीं जोडा.गया है। इन वार्डों में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बोर खुदाई कर पानी आपूर्ति की जा रही है। बोर खराब होने की वजह से आए दिन यहां पानी की समस्या रहती है। यहां लगभग 25 टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। भाटापारा जैसे कई मोहल्लों में ⏭ शेष पेज 3 पर

### 14 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है प्लांट

**खास बातें**

- पुरानी पाइप लाइन से ही हो रही है नगर में पानी सप्लाई
- 22 साल पुरानी है नगर पंचायत की नल जल योजना



## 42 फीसदी पहुंचा बांगो बांध का वाटर लेवल, मात्र 3 घंटे चलाया जा रहा हाईडल

# बांगो बांध का गला लगा सूखने अब बारिश का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध का वाटर लेवल लगातार गिरते ही जा रहा है जिसकी वजह से जल संसाधन विभाग की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है अब जल संसाधन विभाग को बारिश का इंतजार है। 16 जून की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 42 फीसदी जा पहुंचा है जिसके चलते अब बांगो बांध को अब महज 3 घंटे ही संचालित की जा रही है।

बांगो डेम की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। जिसमें पानी संग्रहण करने की क्षमता 3264.33 मिलियन क्यूसेक है। 16 जून की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 348.16 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव क्षमता का 42 फीसदी पानी है। भीषण गर्मी व हाईडल प्लांट को लगातार संचालित करने की वजह से लगातार वाटर लेवल गिरता ही जा रहा है। वहीं दूसरी किसानों को रबी फसल व निस्तारी के साथ-साथ संयंत्रों को भरपूर पानी मिल सके इसके लिए डिमांड के अनुसार लगातार हाइडल प्लांट को तेज गति पर संचालित किया गया जिसके चलते अब बांगो बांध का पानी लगातार बहुत तेजी से कम होते ही चला जा रहा है मौजूदा स्थिति में रविवार की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 348.16 जो कल जल भराव का 42.16 फीसदी है।

मौजूदा स्थिति में हाइडल प्लांट को मात्र 3 घंटे ही संचालित किया जा रहा है जिससे 375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। इस पानी को दर्री बराज के माध्यम से संयंत्रों को आबंटित किया जा रहा है ताकि संयंत्रों का संचालन बेहतर ढंग से हो सके लेकिन वहीं दूसरी ओर अभी जून महीने में हाइडल प्लांट ऐसे ही संचालित होंगे और बांगो बांध का वाटर लेवल और गिर सकता है। अब बांगो बांध को वर्षा ऋतु का इंतजार है ताकि कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हो और डेम फिर से लबालब हो जाए।



फाइल फोटो

### बारिश को लेकर पहले ही जारी कर दिया गया है अलर्ट

प्रदेश सहित जिले में आने वाले दिनों में झमाझम बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। बारिश के मद्देनजर जल संसाधन विभाग के आला अफसर भी सतर्क हो गए हैं। यदि बांगो डेम के केचमेंट इलाके कोरिया, बैकुंठपुर इलाके में झमाझम बारिश होती है तो डेम का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ जाता है वर्षा ऋतु के मद्देनजर पहले ही जल संसाधन विभाग ने हसदेव नदी के तट पर बसने वाले लोगों को अलर्ट जारी कर ऊपरी पर जाने का फरमान जारी कर दिया गया है क्योंकि वर्षा ऋतु में गेट खोलने पर अक्सर निचली बस्तियों में पानी भर जाता है।

# कोरबा पश्चिम संयंत्र में प्रस्तावित नए संयंत्र के लिए सितंबर माह में जारी होगा कार्यादेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पश्चिम संयंत्र में प्रस्तावित 1320 मेगावाट वाले नए सुपर क्रिटीकल पॉवर प्लांट के लिए सितंबर माह मे कार्यादेश जारी किया जाएगा। साथ ही 15 अगस्त से पूर्व 7 सौ कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरु की जाएगी। इसके अलावा कंपनी के जर्जर आवासों को तोड़कर उसकी जगह नए आवासों का निर्माण किया जाएगा।

छग बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ की उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक के साथ आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है। वीआईपी रेस्ट हाउस कोरबा पश्चिम में बीएमएस के राष्ट्रीय मंत्री व उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में इन मांगों पर सहमति बनी है। बैठक मे तय किया गया है कि 15 अगस्त से पूर्व तकनीकी, पैरामेडिकल, चिकित्सक, फायर, सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती हेतु प्रक्रिया शुरु की जाएगी। विद्युत कंपनी के आवासों के लिकेज, सीपेज को ठीक करने के लिए 3 करोड़ की राशि स्वीकृत की जाएगी। इसके अलावा नए विद्युत संयंत्रों को देखते हुए पुराने और जर्जर आवासों को तोड़कर उसके जगह नए आवासों का निर्माण किया जाएगा। बैठक में उत्पादन कंपनी के कार्यपालक निदेशक ने जानकारी दी कि मड़वा और बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में नए इकाई का संयंत्र लगाने हेतु सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि कर्मचारियों के लिए 70 से 90 प्रतिशत वेतन भुगतान बंद कर 100 प्रतिशत वेतन भुगतान का आदेश जारी किया गया था इसके लिए अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किया जाएगा। पदोन्नति से वंचित संयंत्र परिचारक श्रेणी 2 कर्मचारियों का पदोन्नति आदेश जारी करने पर भी सहमति बनी है। बैठक में कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन भत्ता के लिए वर्ष 2016 से पूर्व की भांति बहाल करने हेतु उच्च स्तरीय बैठक मे प्रयास किया जाएगा। उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक के साथ आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ कोरबा पूर्व के सचिव संदीप कुमार राठौर, पूर्णिमा साहू, संगठन सचिव जी पी राजवाड़े, कोरबा पश्चिम के अध्यक्ष केदारनाथ राठौर, कार्यकारी ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- कोरबा पूर्व व मड़वा संयंत्र में नई इकाई स्थापना के लिए सर्वे कार्य पूरा
- कंपनी के जर्जर आवासों को तोड़कर बनाए जाएंगे नए आवास



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

# ट्रक ड्राइवरों से लूटपाट करने वाले बबली गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्रक चालकों को बीच रास्ते में रोककर लूटपाट करने वाले बबली गैंग के दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा है। दोनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटर सायकल व चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़े गए लूटेरों का मानिकपुर चौकी पुलिस ने शहर में जुलूस भी निकाला गया।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सदगुरु ट्रांसपोर्ट के ट्रक चालक मनीष कुमार यादव पिता इंद्ल राम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 जून की शाम 5:30 बजे अज्ञात लोगों के द्वारा चाकू दिखाकर मनीष का मोबाइल एवं नगदी रक़म लूट कर ले गये। मुखबिर से मिली सूचना पर चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में बबली गैंग के आरोपी शिवम दास उर्फ़ बबली और उसके साथी सूरज यादव को पकड़कर उनके क़ब्ज़े से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा चाकू और लूटे गये मोबाइल, नगदी रक़म को जप्त कर आरोपियों को धारा 392,34 एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ़्तार कर उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



बदमाशों का जुलस निकालती पुलिस।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को जल्द हो एरियर का भुगतान : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय खान मजदूर फेडरेशन (एटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन रिटायर्ड हुए कामगारों के साथ अमानवीय हरकतें कर रही है। इस संबंध में उन्होंने विस्तार से कहा कि कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौता 20 मई 2023 को संपन्न हुआ जो कि नियमानुसार 1 जुलाई 2021 से लागू किया गया।

इस दरमियान जो मजदूर 1 जुलाई 2021 के बाद रिटायर्ड हुए हैं उनको एरियर का भुगतान नही किया गया है जबकि 13 मार्च को कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) ने सभी अनुषंगी कंपनी के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया था कि 31 मार्च तक रिटायर्ड कामगारों का बकाया एरियर भुगतान कर दिया जाए परंतु सूत्रों के हवाले से जो जानकारी मिल रही है कि एसईसीएल के सिर्फ चार एरिया क्रमशः गेवरा, दीपका, सोहागपुर एवं बिश्रामपुर मे ही सेवानिवृत कर्मचारियों को 11वां वेतनमान समझौते का एरियर भुगतान किया गया है जबकि 31 मार्च 2024 तक एसईसीएल के सभी क्षेत्रों के सेवानिवृत्त कामगारों को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 के तहत बढ़े हुए वेतनमान का बकाया रकम का भुगतान किया जाना था पर नहीं किया गया है इस संबंध मे दीपेश मिश्रा ने कहा कि एक तरफ तो एस.ई.सी.एल प्रबंधन प्रेस बयान देकर यह दावा करती है कि वित्तीय वर्ष 23-24 मे एसईसीएल ने 187 मिलियन टन उत्पादन कर रिकॉर्ड बनाया है परंतु वही सेवानिवृत हुए कामगारों का 11वां वेतनमान का बकाया रकम का भुगतान नहीं किया गया जोकि कायदे से 31 मार्च 2024 तक कर दिया जाना था परंतु उसे बेवजह रोक दिया गया है जो कतई उचित नहीं है इस संबंध मे दीपेश मिश्रा ने आगे कहा कि एक ओर रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने सभी बैंकों को गाइडलाइन जारी करते हुए कहा हैकि बैंक मे जमा रकम का प्रतिदिन का ब्याज देना है तो इस क्रम मे अगर एसईसीएल प्रबंधन ने 31 मार्च 2024 तक तय सीमा के तहत बैंक खाते मे सेवा निवृत हुए कामगारों को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 का बकाया रकम बैंक खाते में नहीं डाला है तो आज दिनांक तक का ब्याज जोड़कर क्या प्रबंधन सेवानिवृत हुए कामगारों को बकाया एरियर रकम का भुगतान करेगा यह एक सवाल है उन्होंने अंत मे कहा कि सेवानिवृत हुए कामगारों को बकाया एरियर का भुगतान न करना यह एसईसीएल प्रबंधन के सेवानिवृत हुए कामगारों के प्रति गैरजिम्मेदाराना हरकतों को उजागर करता है जो कतई ठीक नहीं है इस क्रम मे एसईसीएल कहा जिन क्षेत्रों मे एरियर भुगतान नहीं किया है तत्काल सेवानिवृत हुए कामगारों को ब्याज जोड़कर बकाया एरियर भुगतान किया जाए।

**खास बात**

- 1 जुलाई 2021 के बाद सेवानिवृत्त कर्मियों को नहीं मिली एरियर की राशि



दीपेश मिश्रा

## गर्मी को देखते हुए शासन ने लिया निर्णय, अब 26 जून से शुरु होगा नया शिक्षण सत्र

# ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाया गया, अब 25 तक बंद रहेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन द्वारा गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि एक सप्ताह बढ़ा दी गई है। 18 जून से खुलने वाली स्कूल अब 25 जून तक बंद रहेंगे। 26 जून से नए शिक्षण सत्र की शुरुआत होगी। इस आशय के आदेश लोक शिक्षण संचनालय द्वारा रविवार की शाम जिला शिक्षा विभाग को जारी किए गए।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय ने बताया कि पूर्व में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 17 जून तक निर्धारित थी 18 जून से स्कूल खुलना था लेकिन प्रदेश में पड़ रही गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि एक सप्ताह बढ़ा दी गई है। 18 जून से शुरु होने वाला शिक्षण सत्र अब 26 जून से शुरु होगा। 25 जून तक सभी शासकीय अशासकीय स्कूल बंद रहेंगे। इस संबंध में लोक शिक्षण संचनालय का एक मैसेज विभाग को मिला है। जिसे 25 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को इसके संबंध में आदेश जिले के सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों को जारी कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि पूर्व में जिला प्रशासन के द्वारा 18 जून से शुरु हो रहे शिक्षण सत्र को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों में तैयारियां पूरी कर ली गई थी। इसके मद्देनजर निःशुल्क किताबों के वितरण हेतु सभी स्कूलों में किताबों की आपूर्ति कर दी गई थी। वर्तमान में गर्मी को देखते हुए अभिभावक संघ ने शासन से ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाए जाने की मांग की थी। शनिवार को प्रदेश में सर्वाधिक 43 डिग्री तापमान कोरबा जिले में दर्ज किया गया था।



### ये है बदलाव

स्कूल के शुरूआत के साथ नई शिक्षा नीति लागू होने से कुछ बदलाव हुए हैं, जिनमें पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 6 वर्ष की उम्र अनिवार्य कर दी गई है। पहली, दूसरी के बच्चे बालवाड़ी में पढ़ेंगे। तीसरी, चौथी व पांचवी के बच्चे प्राथमिक शाला में अध्ययन करेंगे। नई शिक्षा नीति के तहत जिन प्राथमिक शाला के परिसर में आंगनबाड़ी संचालित है उन्हें बालवाड़ी का रूप दिया जाएगा और वहां केजी 1 व केजी 2 के साथ पहली और दूसरी कक्षा की पढ़ाई होगी, जिन्हें प्राईमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक ही पढ़ाएंगे।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का हुआ आयोजन

**कोरबा।** सांस्कृतिक भवन कटघोरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में आयोजित विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें व्यवहार न्यायालय कटघोरा से न्यायाधीश श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा एवं न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी व न्यायाधीश सुश्री रूपल अग्रवाल और पैरालीगल वालेंटियर्स रवि शंकर सागर, आरती मंगेशकर, तलवीर सिंह, रवि शंकर सोनी, रमा साहू, प्रद्युम यादव व 50 जनसमूहों की उपस्थित उक्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बताया गया कि बाल और किशोर श्रम अधिनियम 1986 भारत की संसद और श्रम व रोजगार मंत्रालय द्वारा 23 दिसम्बर 1986 को एक अधिनियमित एक कानून बना है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### ड्वेन जॉनसन और डैनी गार्सिया की सेवन बक्स ने की वॉल्ट डिज्नी से डील

'द रॉक' के नाम से पहचाने जाने वाले अभिनेता और रेस्लर ड्वेन जॉनसन और फिल्म निर्माता डैनी गार्सिया की कंपनी सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने वॉल्ट डिज्नी



के साथ एक नया सौदा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने थिएटर रिलीज और स्ट्रीमिंग के लिए फिल्में विकसित करने के लिए डिज्नी के साथ डील की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सौदा कई सालों के लिए किया गया है और कई जानकारियों का सामने आना बाकी है। इस सौदे के जरिए सेवन बक्स प्रोडक्शंस को डिज्नी की सभी डिवीजनों में सहयोग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, इससे ड्वेन जॉनसन को भी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिलेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब ड्वेन जॉनसन और डिज्नी साथ में काम करने वाले हैं। इससे पहले दोनों साल 2021 में जंगल क्रूज में साथ मिलकर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी काम किया था। इसके अलावा ड्वेन डिज्नी+ के लिए 'बिहाइंड द अट्रैक्शन' के दो सीजन में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'मोआना 2' में माउई के किरदार को भी अपनी आवाज दी हैं। यह फिल्म 27 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी।

'मोआना 2' के ट्रेलर ने डिज्नी एनीमेशन के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। मात्र 24 घंटों में इसे 178 मिलियन (17.8 करोड़) बार देखा जा चुका है। फिल्म का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने वर्ल्डवाइड $687 मिलियन (भारतीय मुद्र में 57 अरब) से अधिक की कमाई की थी।

## टॉलीवुड

### समय से पहले पर्दे पर दस्तक देने जा रही जूनियर एनटीआर की 'देवरा'

जूनियर एनटीआर अभिनीत 'देवरा' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच



निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'देवरा' समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।

गुरुवार को 'देवरा' फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'देवरा' 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। 'देवरा' तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।

'देवरा' जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'आरआरआर' की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'देवरा' को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। इसी साल जनवरी के महीने में जूनियर एनटीआर ने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया था जिसमें वह समुद्र के बीच नाव पर खड़े नजर आए।

## भोजपुरी

### 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' फिल्म के मजेदार ट्रेलर से खुलेंगे सारे भेद

अक्षरा सिंह की भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी फिल्मों और गानों को लेकर फैंस एक्साइटेड रहते हैं। अब उनकी नई भोजपुरी मूवी



'ऐसा पति मुझे दे भगवान' का ट्रेलर शुक्रवार 14 जून को रिलीज किया गया। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अविनाश रोहरा हैं। डायरेक्टर इश्तियाक शेख बंटी हैं। कहानी अरबिंद तिवारी ने लिखी है। कॉन्सेप्ट संदीप सिंह है और संगीत राजन मिश्रा ने दिया है। इस फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमन सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, अयाज खान, प्रेम दुबे, विद्या सिंह, ज्योति मिश्रा, पल्लवी खोली हैं। अंशुमन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सबको मेरा प्रणाम, बहुत ही गर्व और ख़ुशी मन से ये बात लिख रहा हूं कि ये फ़िल्म 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' की एडिटिंग के वक़्त जब मैंने ये फ़िल्म देखी, तभी मैं समझ गया कि फ़िल्म कमाल बनी है।' अंशुमन ने आगे लिखा, 'आप सब लोगों ने मुझे हमेशा हमेशा प्यार दिया है और मेरे काम को प्रोत्साहन किया पर इस फिल्म को लेकर मुझे आप सब से बहुत उम्मीद है। आप सबको बतलाना है कल देख कर कैसा लगा, इसमें अक्षरा जी ने क्या कमाल का काम किया है। मैंने फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा भी और आगे सीखता रहूंगा। सो थैंक्स अक्षरा सिंह, अमित शुक्ला जी, आयज भाई सभी लोगों ने कमाल काम किया है। इसके डायरेक्टर बंटी शेख जी है। कमाल के निर्देशक जिन्होंने बहुत मेहनत किया है और हमारे प्रोड्यूसर फिल्म निर्माता, भाई मेरे अभिनाश रोहरा साहब, है ।

## सुपर मॉडल बनाने की राह



लाइफ स्टाइल

मुंबई में हाल ही में हुए लैक्मे फैशन वीक में दर्शकों ने बहुचर्चित मॉडल लक्ष्मी राणा को अनामिका खन्ना, ऋतु कुमार और पायल प्रताप के अलावा अन्य के लिए वॉक करते हुए देखा। तब दर्शकों को यह नहीं मालूम था कि उनके साथ चार मॉडल भी थीं, जिन्हें इन लोगों ने प्रशिक्षित किया था। इन्हें फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सहयोग से राणा के अपने वाइल्डरबी टैलेंट कैंप द्वारा आयोजित मॉडल हंट के ज़रिए चुना गया था। 1,500 रजिस्ट्रेशन में से पंद्रह मॉडल को चुना गया, उसके बाद दिल्ली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण और पोर्टफोलियो शूट के बाद चारों को चुना गया। ऐसे इन्हें सुपर मॉडल बनाने की राह आसान हुई।

# आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे ये नोज पिन डिजाइन

महिलाओं की खूबसूरती सिर्फ अच्छे कपड़े, मेकअप या फिर हेयर स्टाइल से नहीं होती है। बल्कि इसके लिए ज्वेलरी की भी जरूरत होती है। इसलिए अक्सर महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैच करके खरीदती हैं। ऐसे ही होते हैं नोज पिन इनमे आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ओकेजन के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।



### फ्लावर वर्क नोज पिन

अगर आप फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप फ्लावर वर्क वाली नोज पिन डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन दिखने में अच्छी लगती है साथ ही पहनने में कंफर्टेबल होती है। ये बिना नोज पियर्सिंग के भी पहनी जाती है। आप चाहे तो इन्हें वेस्टर्न के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं वरना एथनिक आउटफिट के साथ भी ये अच्छी लगती हैं। इस तरीके के नोज पिन डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 250 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### स्टोन वर्क नोज पिन

स्टोन वर्क नोज पिन का फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इसे आप कभी भी पहन सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन न सिर्फ पहनने में स्टाइलिश लगती हैं बल्कि ज्यादा हैवी भी नहीं होती हैं। इस नोज पिन को आसानी से डैली वियर में भी स्टाइल किया जा सकता है। इसमें आप हैवी नग वाले नोज पिन डिजाइन भी खरीद सकती हैं और छोटी नोज पिन भी खरीद सकती हैं। मार्केट में आपको इसमें अलग-अलग कलर के साथ डिजाइन मिल जाएंगे।

### मोर डिजाइन नोज पिन

ट्रेडिशनल लुक के लिए हम अलग-अलग तरह की नोज पिन डिजाइन को ट्राई करते हैं। इस बार मोर डिजाइन वाली नोज पिन को स्टाइल करें। इस तरीके की नोज पिन दिखने में काफी क्लासी लगती है साथ ही पहनने के बाद पूरा लुक चेंज कर देती है। आप भी इस तरीके की नोज पिन को पहन सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप इन्हें हैवी वर्क में भी खरीद सकती हैं साथ ही लाइट वर्क में भी ये मिल जाएंगी।

# ईद पर पहनना है अनारकली सूट तो इन लुक्स पर डालें एक नजर




ईदुल अजहा यानि बकरीद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी अहम पर्व माना जाता है। भारत में जिलहिज्ज का चांद दिखने के बाद भारत के कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने 17 जून को ईदुल अजहा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दिन की तैयारियां कई-कई दिन पहले से शुरू हो जाती हैं।

इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी दी जाती है, यही वजह है कि इसे बकरीद भी कहते हैं। लोग ईदुल अजहा के दिन अपने घरों में कई तरह के पकवान बनाते हैं और साथ-साथ में नए कपड़े भी खरीदते हैं।

पुरुष तो इस दिन कुर्ता और पायजामा पहनते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बड़ी समस्या होती है कि वो क्या पहनें। ईद पर पहनने के लिए अनारकली सूट को सही विकल्प माना जाता है। अगर आप इस बकरीद पर अनारकली सूट पहनने का सोच रही हैं, तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर एक नजर जरूर डालें। ताकि ईद के दिन आप सबसे खूबसूरत दिखें।



**हिना खानः** आप चाहें तो हिना खान के जैसा शॉर्ट अनारकली सूट और इसके साथ चूड़ीदार पायजामी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी काफी प्यारी लगती है। बस इसे पहनते वक्त ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग सही हो। अगर ये ढीला होगा, तो आपका लुक बिगड़ सकता है।

**अदिति राव हैदरीः** शॉर्ट अनारकली कुर्ते के साथ इस तरह की धोती स्टाइल की पायजामी कैरी करनी है तो अदिति राव हैदरी के लुक पर नजर डालें। पर्पल रंग का ये सूट आपको बाकियों से अलग दिखने में मदद करेगा। इस सूट के साथ दुपट्टे को भी अलग अंदाज में कैरी करें।

**माधुरी दीक्षितः** वैसे तो माधुरी दीक्षित का हर लुक ही खूबसूरत होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो उनके अनारकली सूट लुक से टिप्स ले सकती हैं। आगे से स्लिट वाले इस सूट लुक काफी अलग और खूबसूरत है। इस पर ज्यादा वर्क भी नहीं है। ऐसे में आप आराम से इसे कैरी कर सकती हैं।

**संजीदा शेखः** चूड़ीदार पायजामी के साथ इस तरह का घेर वाला अनारकली आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसे में बकरीद के मौके पर संजीदा शेख के जैसा अनारकली सूट पहनकर जलवा बिखेरें। अगर आपको ये रंग नहीं पसंद है तो आप अपनी पसंद के हिसाब से रंग का चयन कर सकती हैं। कृति सेनन अगर कुछ हैवी वर्क वाला पहनने का सोच रही हैं तो आपके लिए कृति सेनन का ये लुक परफेक्ट है। इस तरह के हैवी अनारकली के साथ आप बालों में जूड़ा बना सकती हैं।

# चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में तेज धूप से हर कोई काफी परेशान रहता है। लोग कोशिश करते हैं, कि वो धूप में बाहर न निकलें, लेकिन किसी न किसी वजह से उन्हें बाहर जाना ही पड़ता है। जिस प्रकार से तेज धूप से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार से त्वचा पर तेज धूप पड़ने से टैनिंग की समस्या सामने आने लगती है। इस मौसम में चेहरे के बाद सबसे ज्यादा टैनिंग हाथों पर होती है।



**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।

**दही और टमाटरः** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

**कच्चा दूधः** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

# ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास डिजाइंस

अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

**शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज :** आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं। **पतली बाजू के लिएः** अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। **चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन :** अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।



**कट वर्क डिजाइन ब्लाउज :** इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं ।

कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश दिखने की चाह में हेयर स्टाइल पर ध्यान देना जरूरी

# सबसे अलग हट कर दिखना है तो इन तरीकों से बदलें अपनी हेयर स्टाइल

*हर इंसान का सपना होता है कि वो कूल ड्यूड दिखे। जब भी वो गलियों में निकले लोग आपकी स्टाइल के बारे में डिस्कस करें। किसे अच्छा नहीं लगता है कि, अचानक भरी मीटिंग में आपकी ओर गौर से देखते हुए बॉस कहें कि, नाइस लुकिंग! ये सब सपने जैसा लगता जरूर है लेकिन क्या वाकई कोई ऐसा तरीका नहीं है जिससे ये सब अचीव किया जा सके। ये इतना भी ज्यादा नहीं है कि इसकी उम्मीद लाइफ में न की जा सके।*



रियल लाइफ में कई बार वाकई लोगों के पास इतना समय नहीं होता है कि हेयर स्टाइल जैसी चीजों को मेंटेन रखने के लिए एक्स्ट्रा टाइम निकाल सकें। खासतौर पर जब आप दिमाग को खपा देने वाली कॉरपोरेट जॉब में हों। इसलिए, आपको ऐसे कुछ तरीके के बारे में जानकारी देंगे जिनकी मदद से आप आसानी से हेयर स्टाइल को चेंज कर सकते हैं। इससे न सिर्फ नया लुक मिलता है बल्कि आत्मविश्वास को भी बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**हेयर स्टाइल बदलना क्यों जरूरी है? :** बालों में ये ताकत होती है कि, ये आपके लुक को बनाने या इमेज को ब्रेक करने की क्षमता रखते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका पहनावा कितना फैंसी और फैशनेबल है, आप तब तक स्टाइलिश और कंप्लीट नहीं दिखेंगे जब तक कि आपके बाल स्टाइलिश न हो जाएं।

**हेयर स्टाइल को कैसे चेंज करें? :** हेयर स्टाइल को पूरी तरह से चेंज करना इतना भी कठिन नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ थोड़ी सी चीजों को चेंज करने की।

**बालों में फ्रिंज बनवाएंः** 90 के दशक में पुरुषों के बीच फ्रिंज हेयर स्टाइल काफी लोकप्रिय हुआ करती थी। बाद में इस ट्रेंड की जगह पोम्पाडोर और क्विफ जैसी हेयर स्टाइल ने ले ली। लेकिन ऐसा नहीं है कि, फ्रिंज हेयर स्टाइल का जलवा खत्म हुआ और इसके दिन चुक गए हों। ये हेयर स्टाइल आज भी उतना ही जवान है, जितना पहले किसी और दौर में था। आज भी युवा पूरे शौक के साथ इस हेयर स्टाइल को अपना रहे हैं। लेकिन आज इस हेयर स्टाइल के पहले से कहीं ज्यादा वेरिएशन भी मौजूद हैं।



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार

**कोरबा।** सत्येन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम कल्याण केन्द्र, जुनियर क्लब सीएसईबी कॉलोनी दर्री कोरबा में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कु. डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस मनाये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये बताया गया कि वर्ष 1973 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन अभिसमय संख्या 138 बाल मजदूरी को 15 वर्ष से कम उम्र के किसी व्यक्ति द्वारा किये गये किसी आर्थिक गतिविधियों का उल्लेख करता है। बालकों के मौलिक अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुये कहा गया कि संविधान में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिये निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराया जाने के संबंध में प्रावधानिक किया गया है। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा हेतु बच्चों का अधिकार अधिनियम 2009, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिये निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में कारखाने आदि में बच्चों को काम पर लगाये जाने का निषेध किये जाने के संबंध में बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को कारखाने, खदान में अथवा अन्य जोखिम भरे रोजगार में कार्य करने हेतु नियुक्त नहीं किया जावेगा।

### 20 जून को प्रकरणों की होगी समीक्षा बैठक

**कोरबा।** माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में किया जाना है। विशेष लोक अदालत हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में लंबित राजीनामा योग्य चिन्हांकित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत कराये जाने की संभावना तलाशने तथा उन्हें लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराया जाने का प्रयास करते किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में नोटिस एवं सहमति पत्र प्रेषित करते हुये समस्त प्रकरणों को पक्षकारों को नोटिस जारी किया गया है। विशेष लोक अदालत की प्रीसिंटिंग की कार्यवाही किये जाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अतः समस्त पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि इस प्राधिकरण के द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित राजीनामा प्रकरणों में उन्हें नोटिस या सहमति पत्र प्राप्त होते है तो वे संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आकर प्रीसिंटिंग की कार्यवाही हेतु संपर्क कर सकते है, जो पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होने में असमर्थ है वे नोटिस पर दिये गये मोबाईल नंबर में संपर्क स्थापित कर विडियों कॉलिंग के माध्यम से भी प्रींसिंटिग की कार्यवाही में भाग ले सकते है। इस प्राधिकरण के द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में रखे गये प्रकरणों की प्रीसिंटिंग बैठक 20 जून को रखी गई है, जो भी पक्षकार माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में अपना प्रकरण सुलह, समझौते के माध्यम से निराकरण कराना चाहते है वे संबंधित माननीय न्यायालय में संपर्क कर इस अवसर का लाभ उठावें।

## जमीन का रिकार्ड दुरूस्त कराने किसान पहुंच रहे पटवारी कार्यालय

# पड़त भूमि को किसान बना रहे खेत पिछले वर्ष घटा था बोनी रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून ने भले ही दस्तक नहीं दी है, किंतु किसान अपने खेतों को कृषि के लिए तैयार करने में जुट गए हैं। ग्रामीण अंचलों में इस समय हर खेत में ट्रेक्टर चलते नजर आ रहे हैं। खेतों के आसपास रिक्त पड़त भूमि को भी किसान खेत बना रहे हैं। बीते वर्ष बोनी रकबा घटने से अधिकांश किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। बीते वर्ष के रकबे में हुई आंशिक त्रुटियों को सुधारने किसान पटवारी कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

**खास बात**

- गिरदावरी में रकबा घटने से किसानों को हुआ था आर्थिक नुकसान

खरीफ की फसल की तैयारी में किसान इस समय जुटे हुए हैं। खेत से लेकर मंडी तक किसानों की सक्रियता नजर आ रही है। खाद का भंडारण होने के साथ उनका वितरण भी किसानों को किया जा रहा है। दूर दराज के किसान समितियों से रासायनिक खाद लेने सुबह से ट्रेक्टर लेकर समितियों के खुलने से पहले ही पहुंच जा रहे हैं। हालांकि खेत तैयार करने के दौरान गर्मी के समय तैयार की गई गोबर खाद का उपयोग किसान कर रहे हैं, किंतु उसके बावजूद रासायनिक खाद का उपयोग लगातार वर्ष प्रतिवर्ष बढ़ते ही जा रहा है। यूरिया का सर्वाधिक उपयोग होने के कारण किसानों को ज्यादा उत्पादन का लाभ मिल रहा है। खेती की तैयारी करते समय किसान अब आसपास पड़ी रिक्त पड़त भूमि को भी खेत बनाने में जुट गए हैं। पूर्व में कुछ किसान भूजल संरक्षण के लिए पड़त भूमि में छोटी छोटी डबरी का निर्माण किए थे। जिसकी वजह से खेतों में नमी बढ़ने के कारण उपजाऊपन भी बढ़ा था, किंतु बीते वर्ष गिरदावरी के दौरान बोनी रकबा कम होने के कारण किसानों ने खेत के आसपास स्थित पड़त भूमि को भी खेत बना रहे हैं ताकि बोनी रकबा बढ़ने से उन्हें आर्थिक लाभ मिल सके।



**कृषि विस्तार अधिकारी कर रहे दौरा**

कृषि विस्तार अधिकारी खेती की तैयारी को लेकर अपने अपने क्षेत्रों का दौरा कर किसानों से संपर्क करते हुए उन्हें खेती की आधुनिक तरीके से अवगत करा रहे हैं। वहीं मिट्टी परीक्षण के लिए उनके सेंपल भी संग्रहित कर रहे हैं ताकि मिट्टी के लक्षण के अनुरूप खाद का उपयोग किया जा सके। आमतौर पर किसानों को मिट्टी के लक्षण का पता नहीं होने के कारण उन्हें खाद के उपयोग को लेकर भी जानकारी नहीं होने के कारण फसल उत्पादन का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था।

**सकरी हो रही खेत की मेढ़**

कभी दो खेतों के बीच की मेढ़ चौड़ी हुआ करती थी, किंतु अब धीरे धीरे उन चौड़ी मेढ़ों को सकरी किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में कई ऐसे खेत नजर आ रहे हैं, जहां कभी खेतों के बीच की मेढ़ चौड़ी हुआ करती थी अब खेत का दायरा बढ़ने के कारण सकरी होने लगी है। पूर्व में इन्हीं मेढ़ पर किसान अन्य फसल की बीज की बुआई किया करते थे। अब मेढ़ भी पतली होने के कारण अन्य फसलों की बुआई नहीं हो पा रही है। पानी का बहाव की दिशा तय कर किसान ऐसे क्षेत्रों को जल संरक्षण के लिए उपयोग करने में लगे हैं।

## क्षेत्र की जनता के सुख-दुःख में हमेशा साथ रहेगा महंत परिवार



सांसद ज्योत्सना महंत व नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत का स्वागत करते कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत व सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत लोकसभा चुनाव के बाद संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच आभार जताने पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में उन्होंने पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों व कांग्रेसजनों ने नेता प्रतिपक्ष व सांसद का पुष्पगुच्छ, महामाला से आत्मीय स्वागत किया।

पोड़ी-उपरोड़ा व पसान में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने मतदाताओं सहित जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक बार फिर महंत परिवार पर भरोसा जताया है और उम्मीदें खाली नहीं जाएंगी। जनता के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास होगा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं, जिस पर उचित निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया। डॉ.महंत ने कहा कि जनता के हर सुख-दुःख में महंत परिवार सदैव साथ रहा है और भविष्य में भी साथ रहेंगे। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के मरवाही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोदवाही में भी कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात कर आभार जताया। कोदवाही में सर्वआदिवासी समाज भवन का लोकार्पण किया गया। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर प्रवास के दौरान लेदरी में कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात कर सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा, शैलेष पाण्डेय, पीसीसी के महासचिव प्रशांत मिश्रा, मनोज चौहान, जिला कांग्रेस ग्रामीण बिलासपुर के अध्यक्ष विजय केशरवानी, जीपीएम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, श्रीमती भावना जायसवाल सहित युवा तुर्क सूरज महंत आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश की नई औद्योगिक नीति का पहला ड्राफ्ट 31 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति 2024–29 के पहले ड्राफ्ट को 31 जुलाई तक जारी करने के निर्देश विभाग को दिए हैं। नई औद्योगिक नीति के लिए उद्योग विभाग द्वारा लगातार अलग अलग उद्योग संगठनों से विचार विमर्श कर उनके अमूल्य सुझाव लिए जा रहे हैं, अब तक प्रदेश के 20 अलग–अलग उद्योग संघों से सुझाव लिए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिसा, मध्यप्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के उद्योग नीति पर स्टडी भी विभाग द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन बढ़ाने की दिशा में जोर दिया जा रहा है।



लखन देवांगन

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने मंगाई सुझाव

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं की नई औद्योगिक नीति में हर सेक्टर पर फोकस होना चाहिए। नए सेक्टर जैसे फार्मास्युटिकल, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टरों के उद्योग ज्यादा से ज्यादा लगें, ताकि रोजगार भी अधिक लोगों को मिले और प्रदेश में निवेश भी बढ़े। इन सेक्टरों के उद्योग लगने से प्रदूषण के बढ़ने की संभावना भी कम रहेगी। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि नई औद्योगिक नीति सुझाव के लिए विभाग के मेल आईडी पर भेज सकते हैं, या फिर सीधे विभाग में अपने अमूल्य सुझाव दे सकते हैं। नई नीति के लिए उद्योग मंत्री श्री देवांगन स्वयं अन्य राज्यों का दौरा कर वहां के उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सुझाव लेंगे। ताकि उन राज्यों के उद्योग नीति के अच्छे और प्रोत्साहन परक अनुदान मांगों पर अध्ययन परीक्षण किया जा सके। अभी हाल ही में मंत्री श्री देवांगन ने नई दिल्ली में आईसीसी के प्रतिनिधियों से नई नीति हेतु विचार विमर्श किया था। उन्होंने सभी विभागों और मंत्रियों से विमर्श के पश्चात ही आगे 5 वर्षों के लिए नीति बनाई जाएगी। ताकि नीति में सभी विभागों का समावेश हो और हर सेक्टर में उद्योग लग सके।

## निर्माण कार्य और साफ-सफाई कार्यों में लाएं कसावटः राजकिशोर



अधिकारियों की बैठक लेते महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यों में आवश्यक तेजी लाकर समय सीमा में कार्यों को पूरा करें, विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की निविदाएं त्वरित रूप से जारी करें तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होने कहा कि नागरिक सेवाओं व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष फोकस रखें तथा साफ-सफाई कार्यों में कसावट लाएं।

उक्त बातें महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगम के जोन कमिश्नरों अभियंताओं तथा निगम के प्रभारी अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यों सहित नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सड़क रोशनी एवं निगम के अन्य कार्यों की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। इस दौरान महापौर श्री प्रसाद ने अधोसंरचना मद, 14वें एवं 15वें वित्त आयोग मद, जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना विकास, पर्यावरण मद, स्कूल जतन योजना, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, विधायक मद, महापौर मद, पार्षद मद, मरम्मत एवं संधारण मद, निगम मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत, स्वीकृत व प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यों की मदवार व जोनवार विस्तार से समीक्षा की। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रगतिरत विकास कार्यों में तेजी लाएं, कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा समय सीमा में कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए तथा नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों को प्रारंभ कराया जाए ताकि इन विकास कार्यों का त्वरित लाभ आमनागरिकों को प्राप्त हो सके। महापौर श्री प्रसाद ने बैठक के दौरान सीसी रोड, आरसीसी नाली, सार्वजनिक एवं सामुदायिक मंच, चबूतरा, सामुदायिक भवन, तालाब पचरी घाट निर्माण, उद्यान, स्कूल भवन सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की।

## बंद होगी चोटिया कोयला खदान, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के चोटिया खदान का संचालन करने वाली निजी कंपनी धनसार ने नोटिस जारी कर 31 जुलाई को कोयला उत्खनन कार्य समाप्त होने की सूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही कंपनी ने खदान में कार्य पर नियोजित कर्मियों को सेवामुक्त करने का अल्टीमेटम जारी कर दिया है जिससे खदान में कार्यरत कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

उल्लेखनीय है कि बालको प्रबंधन द्वारा माह अप्रैल 2015 में जिले की चोटिया स्थित कोयला खदानों को वर्ष 2034 तक भारत सरकार द्वारा लीज पर लिया गया था। गौरतलब है कि बालको कंपनी के प्रबंधन का संचालन वेदांता नामक निजी कंपनी के द्वारा किया जाता है एवं भारत सरकार की इस कंपनी में 49 फीसदी की हिस्सेदारी है। चोटिया में दो कोयला खदाने हैं जिनका प्रचलित नाम चोटिया-1 एवं चोटिया-2 है। चोटिया-1 खदान से कोयले का खनन कर मात्र 10 माह में इस खदान का कोयला निकाल कर उपयोग कर लिया गया। चोटिया खदानों के भू-विस्थापितों को बालको के कर्मियों से कम वेतन पर नियोजित कर उन्हें बालको के नियमित कर्मियों को मिलने वाले लाभों से वंचित कर दिया गया। माह अक्टूबर 2018 में चोटिया-2 का खनन कार्य प्रारम्भ किया गया, परन्तु दो वर्ष उपरान्त माह अक्टूबर वर्ष 2020 में खनन कार्य रोक दिया गया एवं श्रमिक संघों को खनन लागत का अधिक होने का कारण प्रबंधन द्वारा अनौपचारिक रूप से बताया गया। जिसके बाद खदान कर्मियों के समक्ष स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना, प्रबंधन द्वारा लागू की गई एवं कर्मियों को यह बताया गया कि खदान बंद हो चुकी है, अतः इस योजना के तहत सेवानिवृति की सहमति प्रदान करें।

## प्रदेश में कोरबा रहा सबसे गर्म, कल से बढ़ेंगी मानसून की गतिविधियां, तापमान में आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रविवार को सुबह से बादल छाने और बारिश होने के साथ हल्की हवा चलने से बीते दो दिनों के मुकाबले आज मौसम ठंडा रहा। मौसम विभाग के अनुसार गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 17 जून से बारिश की गतिविधियां बढ़ेगी। इससे तापमान में कमी आएगी।

शनिवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री कोरबा में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन में प्री-मानसून शॉवर शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही मानसून की भी दस्तक होगी। मौसम विज्ञानी के अनुसार, रविवार से बारिश की गतिविधियां बढ़ने लगेंगी। फिलहाल मानसून में देरी के कारण ऊर्जाधानी में गर्मी बढ़ गई है। 1 जून से 15 जून से बारिश के आंकड़ों की बात की जाए तो राज्य के 2 जिलों में सामान्य से अधिक, 4 जिलों में सामान्य और 27 जिलों में औसत से कम बारिश हुई है। जिलों में बारिश सामान्य से भी कम हुई हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार बारिश की गतिविधियां बढ़ेगी ऐसे में कम वर्षा की भरपाई होने के आसार हैं। कोरबा जिला पूरे प्रदेश में शनिवार को सबसे गर्म रहा। दिन भर तेज धूप की गर्मी और रात में उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान रहे।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### 14 करोड़ की...

गर्मी के चलते हैंडपंप, कुंआ के अलावा तालाब आदि स्त्रोतों का जल स्तर गिर चुका है। निस्तारी की समस्या को देखते हुए जल आवर्धन योजना को इन वार्डों में भी जोडने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### कोरबा पश्चिम...

अध्यक्ष के एम पटेल, संगठन सचिव श्रवण कुमार बंजारा, सचिव हेतराम खूंटे, सहसचिव संजय राठौर, काशीराम चंद्रा, जीवन प्रकाश चंद्रा, सिद्धार्थ पाण्डेय, अमर सिंह राठौर, हरिश राठौर, विश्वास पटेल, खगेश साहू, रामगोपाल साहू, काशीप्रसाद साहू सहित अन्य शामिल रहे।


## कोरबा मार्केट




**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745









## खबर संक्षेप



### जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर रक्तदाता सम्मान समारोह एवं रक्तदान के लिउ शपथ ब्लड बैंक, स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंध इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा में किया गया। जिसमें से छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के छात्र, कमला नेहरू कॉलेज के छात्र, छत्तीसगढ़ हेल्प एवं वेलकेयर सोसाइटी कोरबा एवं प्रधान डाकघर कोरबा के अधिकारी एवं कर्मचारी, जीएमसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लिए गया। शिविर का उद्घाटन डॉ.एसएन केसरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा, डॉ. दुर्गा शंकर पटेल प्रभारी संयुक्त संचालक मेडिकल सुपरिंटेंडेंट जीएमसी कोरबा, डॉ. जीएस जात्रा प्रभारी ब्लड बैंक जीएमसी कोरबा एवं डीपीएम पदमाकर शिंदे भी उपस्थित थे। समस्त ब्लड बैंक एवं चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। शिविर में 47 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केसरी के द्वारा बताया गया कि सभी स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकते हैं जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष की हो और जिसका वजन 45 किलो ग्राम से कम ना हो। रक्त 72 घंटों में पुनःशरीर में निर्माण हो जाता है।

### कांग्रेस कार्यालय के स्टेशनरी में लगी आग

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएम रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में देर शाम को अचानक पुस्तक कॉपी में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना पर कांग्रेस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे लेकिन आग फैलने से पहले ही आग को आसानी से काबू कर लिया गया था। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कांग्रेस कार्यालय के स्टेशनरी के समान में आगजनी की घटना हुई थी। हालांकि आगजनी की घटना से कार्यालय में रखे हजारों की स्टेशनरी जलकर खाक हो गई है लेकिन समय रहते आग को बुझा लिया गया जिससे आग ने विकराल रूप नहीं लिया।

### मंदिर में चोरी कर आगजनी, मामला दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छातापाठ निवासी खेम भारती बाबा गुरूजी उम्र 52 वर्ष पिता स्व धनीराम मंझवार गुरू श्री पंचदश नाम जुनाअखाडा दक्षिण मुखी हनुमान मदिंर दरबार आश्रम में लगभग 15 वर्षों से मंदिर में पूजापाठ में करते आ रहा है। 13 जून की शाम 5 बजे खेम भारती जब आश्रम पहुंचा तो देखा कि तख्त, गददा, एक मुखी रूद्राक्ष, तीन नग गौरी शंकर रूद्राक्ष एवं नगदी करीबन 10-15 हजार रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने से लगभग 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### लक्ष्मी मरावी ने जीता तीन गोल्ड मेडल

**कोरबा।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम उतरदा निवासी लक्ष्मी प्रसाद मरावी का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश आयोध्या के लिऐ हुआ था। अयोध्या में यह आयोजन 4 जून से 7 जून तक भीमराव अम्बेडकर अंतर राष्ट्रीय स्टेडियम में संपन्न हुआ। लक्ष्मी प्रसाद मरावी अभी वर्तमान में 5वीं वाहिनी जगदलपुर कंगोली जिला बस्तर में पदस्थ हैं। लक्ष्मी प्रसाद मरावी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुऐ 5 किमी, 10 किमी व 1500 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन गोल्ड मेडल जीता। लक्ष्मी एक गरीब साधारण परिवार से हैं वे अपने अथक प्रयास और मेहनत से प्रतिदिन दौड़ कर पुलिस में भर्ती हुआ। उसके एथलेटिक्स के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए छग मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ने उसका चयन किया था। लक्ष्मी प्रसाद मरावी ने बताया कि रोजाना सुबह 30 किमी और शाम को 40 किमी दौड़ कर रहा हूं।

## पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत बारी उमराव की दास्तां

# खम्भे लगे कनेक्शन दिए पर बिजली के लिए ग्रामीणों को सौर ऊर्जा का सहारा





पंचायत भवन जहां दिया गया बिजली कनेक्शन तथा वहां लगा हुआ विद्युत मीटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पाली विकासखंड में स्थित ग्राम पंचायत बारी उमराव में परंपरागत बिजली की व्यवस्था से लोग अब तक वंचित हैं।

**खास बात**

- बीएसएनएल ने लगाया टावर, बिजली के अभाव में अब तक नहीं हुआ शुरू

इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने और सुविधा से लाभान्वित करने के लिए बिजली कंपनी के द्वारा खंबे लगाने से लेकर उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने का कार्य तो जरूर की गई, लेकिन क्षेत्र की जनता अभी भी सौर ऊर्जा पर ही टिकी हुई है। ग्रामीण समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर बिजली विभाग ने उनके गांव में खंभे और मीटर लगाने का काम आखिर किसलिए किया है।

कोरबा जिला मुख्यालय से 57 किलोमीटर दूर पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बारीउमरांव में बिजली को लेकर अजीबोगरीब स्थिति बनी हुई है। वह भी आजादी के 75 साल बीतने और अभिभाजित मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ गठन के 24 वर्ष बाद छत्तीसगढ़ के पावर हब कोरबा जिले का यह गाँव आज भी बिजली की सुविधा से कोसो दूर है। लगभग 500 की आबादी इस गांव में निवासरत है जो परंपरागत बिजली के मामले में केवल सपने देख रही है। लोग इसी बात से तसल्ली कर रहे हैं कि उनके गांव में 7 साल पहले बिजली के खंभे लगा दिए गए और उपभोक्ताओं के यहां कनेक्शन भी दे दिए गए। ग्रामीणों ने सोचा था कि दूसरे इलाकों की तरह उनके क्षेत्र भी बिजली से रोशन होगा लेकिन सब दिवास्वप्न हो गया।

**एक्टिव नहीं हुआ बीएसएनएल टावर**

भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा इस गांव में सुविधा देने और मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी देने के लिए टॉवर तो खड़ा कर दिया, लेकिन वह केवल शो पीस ही बना हुआ है। दूसरी कंपनी से मिलने वाले नेटवर्क के सहारे स्थानीय लोग मोबाइल की उपयोगिता सुनिश्चित कर पा रहे हैं। यहां के बच्चे मोबाइल के लाईट से पढ़ाई करने को मजबूर है। शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**कुछ मोहल्लों में दिखी रोशनी**

ग्रामीणों ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ठेकेदार ने कई साल पहले उनके यहां बिजली के खंभे लगा दिए और बिजली की लाइन भी बिछाई मीटर भी लगे, लेकिन बिजली आज तक नहीं आई। कुछ मोहल्लों में महीने में एक या दो बार कुछ घंटों के लिए बिजली आती है, लेकिन कुछ मोहल्लों में आज तक बिजली नहीं आई है। बिना बिजली के विद्युत विभाग द्वारा भारी भरकम बिजली का बिल भेज दिया जाता है। भला हो ग्रामीणों ने अपनी समझदारी से सरकारी तंत्र पर दबाव बनाया और यहां सौर ऊर्जा की व्यवस्था कर ली जिससे उनके घरों को रोशनी मिल रही है और उनकी सामान्य जरूरत पूरी हो रही है।

## रेलवे साईडिंग के पास मिला अज्ञात युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के खदान के भीतर बने रेलवे ट्रेक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलते ही खदान में यह खबर आग की तरह फैली और लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृत युवक की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र के गेवरा रोड रेलवे साईडिंग और एसईसीएल के पुराने साईलो के पास घटित हुआ है जहां एक अज्ञात युवक का शव मिला है। मौके पर खून के निशान भी देखे गये है। सफेद शर्ट और ग्रे कलर की पेंट पहने हुए मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। जब लोगों ने युवक का शव देखा तो इस बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। मृतक कौन है इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उसके फोटोग्राफस आसपास के थाने में भेजे गये है।

**नाले के किनारे युवक की मिली लाश**



रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। इस सूचना पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया एवं टीम आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे तथा शव का निरीक्षण किए। शव धूप की वजह से काला पड़ गया है एवं डीकम्पोज की वजह से मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृत्यु के स्पष्ट कारण पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी, विनोद बने जिलाध्यक्ष



नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला इकाई कोरबा की नई कार्यकारिणी का गठन अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित बैठक में किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से विरोद भट्ट को कार्यकारिणी के नये जिला अध्यक्ष बनाए जाने के लिए निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सभी 41 समितियों के प्रबंधक उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

कटघोरा के अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में रविवार को कोरबा जिले में संचालित 41 समितियों के प्रबंधकों ने नई कार्यकारिणी के गठन के समय उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला इकाई कोरबा के नए जिलाध्यक्ष के रूप में विनोद भट्ट को चुना गया तथा जिला सलाहकार के रूप में समरेंद्र सिंह चुने गए। इसी तरह पांच उपाध्यक्ष अशोक दुबे, आनंद कौशिक, महेंद्र कश्यप, प्यारेलाल साहू, राजकुमार साहू, जिला सचिव के रूप में तुलेश्वर कौशिक, सहसचिव राधेश्याम कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष अरुण कश्यप तथा संरक्षक के पद पर चंद्रेश कश्यप, वीपी वैष्णव व नर्मदा देवांगन को चुना गया है। तुलेश्वर कौशिक, संगठन महामंत्री कमल दुबे, अरुण इजावा चुने गए। वहीं जिले के पांचो ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा बंसीलाल प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष पौड़ी परोड़ा राजेंद्र विंध्यराज, ब्लॉक अध्यक्ष पाली लता सिदार, ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा दुलीचंद धीवर, करतला ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर कैवर्त, संरक्षक पद पर चंद्रेश कश्यप, वेद प्रकाश वैष्णव, नर्मदा देवांगन, प्रदीप अग्रवाल, डाकेश्वर पांडे को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी गई।

## इतवारी बाजार में ग्राहक आवारा मवेशियों के बीच करते हैं खरीदारी, बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराने शहर कोरबा का मुख्य साप्ताहिक इतवारी बाजार एक ऐसा बाजार है जहां आने वाले ग्राहक मंडराते आवारा मवेशियों के बीच खरीदारी करते हैं। कई बार मवेशियों के आपस में लड़ने से ग्राहक घायल हो चुके हैं। हर व्यापारी अपने दुकान में मवेशियों को भगाने एक डंडा रखता है तब कहीं जाकर वह व्यापार कर पा रहा है। दिनों दिन बढ़ते ग्राहकों एवं दुकानों की संख्या के कारण इतवारी बाजार अब छोटा हो चुका है, किंतु बाजार के दिन आवारा मवेशियों को हटाने कोई पहल नहीं हो रही है।

**खास बातें**

- व्यापारी अपने दुकान में डंडे के सहारे कर हरहा व्यापार
- मवेशियों के लड़ने से हो चुकी हैं घटनाएं



इतवारी बाजार जहां हमेशा मंडराते हैं आवारा मवेशी।

पुराने शहर कोरबा में विकास कार्यों की कड़ी में कई बड़े कार्य हुए हैं। संजय नगर वार्ड में गार्डन, पुरानी बस्ती में गार्डन होने के साथ सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, किंतु उसके बावजूद इन सबके बीच इतवारी बाजार के व्यापारियों को आवारा मवेशियों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। साफ-सफाई की पहल स्थानीय व्यापारियों के आपसी सहयोग के कारण संभव हो सकी है। व्यवसायियों ने आसपास के बेजाकब्जे को लेकर भी निगम को अवगत कराया है। बाजार को व्यवस्थित रूप देने के लिए कई बार निगम से मिलकर कार्य योजना तैयार करने ज्ञापन सौंपा गया, किंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। वाहन पार्किंग से लेकर बारिश के समय होने वाली गंदगी की समस्या बनी रहती है। कुछ वर्षों से इतवारी बाजार का क्षेत्र छोटा होते जा रहा है, जिसे व्यवस्थित करने की जरूरत बाजार के व्यवसायी महसूस करते हैं।

**बीच सड़क में फल की लग रही दुकानें**

पुराने कोरबा के मुख्य सड़क जो इतवारी बाजार व सीतामणी जाती है। उक्त सड़क में बीचों बीच फल की दुकानें लगने के कारण सड़क चौड़ी होने के बजाए सकरी होते जा रही है, जिसे आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण व्यवसायियों व शहरवासियों को दिक्कतें उठाना पड़ रहा है। जब जब अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही होती है सड़क में लगने वाली दुकानों को हटा तो दिया जाता है, किंतु कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति निर्मित हो जाती है, जिला सहकारी बैंक समीप में ही स्थित होने के कारण वाहन पार्किंग की भी जगह आम लोगों को नहीं मिल पाती। मजबूरी में दुकानों के सामने अपने वाहनों को खड़ा करना पड़ता है। बीच सड़क में लग रही फल व अन्य दुकानों को स्थाई रूप से हटाने की आवश्यकता शहर की प्रमुख जरूरत बन गई है।

## चार दिवसीय ब्लेंडेड मोड एफएलएन से शिक्षक हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार एफएलएन के तहत अंतर्गत मुख्य रूप से कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्व की कक्षाओं एवं आयु समूह के बच्चों पर भी लगातार ध्यान देते हुए समर्थन करना होगा।

उक्त उद्बोधन प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली श्यामानंद साहू ने प्रशिक्षण हाल में शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा। इससे पहले मां महाश्वेता के तैल चित्र पर धूप दीप प्रज्वलन एवं वंदना से विकासखण्ड के बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। बीआरसीसी राम गोपाल जायसवाल ने एफएलएन के लक्ष्य को सही समय व सही तरीके से प्राप्त करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम ने कार्यशाला की सार्थकता के लिए शिक्षकों को तन-मन से लग जाने हेतु प्रेरित किया। विकासखंड पाली के सभी प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को सत्र 2024-25 के लिए ब्लेंडेड मोड (ऑफलाइन ऑनलाइन) से तैयार किया जा रहा है। गर्मी में शिक्षकों का समर्पण, कर्तव्य परायणता व जोश बच्चों के जीवन में पीयूष प्रबोधक के रूप में क्रियान्वयन होंगे। सभी टूल्स के साथ शिक्षक इस विधा को आत्मसात कर रहे हैं। आने वाले 2024-25 का वर्ष सरकारी स्कूल को बेहतर प्रतिसाद के लिए तैयार करने में बच्चों और शिक्षकों की विशेष भूमिका है। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली श्यामानंद साहू, जोन प्रभारी श्रीमती रिंकू लोध डाइट कोरबा, एसआरजी श्रीमती तृप्ति चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में हरदीबाजार जोन 1 ब्लॉक पाली में 4 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के प्रथम चरण का समापन किया गया।



प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकगण।

## बकरीद आज, इबादतगाहों में होगी विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईद-अल-अज़हा जिसे बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार हजरत इब्राहिम (अब्राहम) द्वारा अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है। ईद-अल-अज़हा की तारीख इस्लामी चंद्र कैलेंडर, जु अल-हज्जा के 10वें दिन पर निर्भर करती है। चूंकि बकरीद इस्लामी कैलेंडर के हिसाब से मनाई जाती है, इसलिए हर साल ईद की तारीख थोड़ी अलग होती है।

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12वें महीने जु अल-हज्ज की 10वीं तारीख को बकरीद का पर्व मनाया जाता है। इस साल जु अल-हज्जा महीना 30 दिनों का है। इसलिए बकरीद 17 जून को ही मनाई जाएगी। ईद-अल-अज़हा का त्योहार त्याग, समर्पण और आस्था का प्रतीक है। इस त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग बकरे की कुर्बानी देते हैं और उसके मांस को गरीबों और जरूरतमंदों में बांटते हैं। ईद-अल-अज़हा के दिन लोग सुबह जल्दी उठकर नहाते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और नमाज पढ़ते हैं। इसके बाद वे कुर्बानी देते हैं। ईद-अल-अज़हा एक खुशी का त्योहार है और इसे परिवार और दोस्तों के साथ मनाया जाता है। लोग एक-दूसरे को ईद की बधाई देते हैं, मिठाइयां खाते हैं और उपहार देते हैं। ये त्योहार गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने प्राचार्यों की बैठक लेकर दी चेतावनी

# बिना सूचना के एक माह तक अनुपस्थित रहने पर सेवा की जाएगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ज़िला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विकासखंडों शिक्षा अधिकारियों बीआरसी प्राचार्य एवं सीएसी की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आहूत की गई। जिसमें एक माह तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी। उन्होंने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लक्ष्य बनाकर पढ़ाई व्यवस्था संचालित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत ने सभी प्राचार्यों को इस साल 95 प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य रखते हुए कार्य योजना बनाने कहा गया। जिसमें ज़िले में संचालित 180 हाई हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों ने तैयारी की बात रखी। विकासखंड शिक्षा आधिकारियो को को लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर जर्जर व मरम्मत योग्य स्कूलों में स्वीकृत निर्माण कराते हुए व्यवस्था ठीक करने निर्देशित किया। ज़िला शिक्षा अधिकारी ने सभी सीएसी को यूडाइस को सत्यापन करने निर्देश दिये डीएमसी श्री मनोज पांडेय ने सभी स्कूलों में पुस्तक व गणवेश स्कूल खुलने से पहले वितरण करने निर्देशित किए। इसके अतिरिक्त सीईओ ज़िला पंचायत द्वारा निम्न बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। वहीं नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व तैयारी में मुख्य रूप से शाला प्रवेश उत्सव जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मनाने के निर्देश देते हुए स्कूलों की साफ़ सफ़ाई व आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। स्कूलों में पदस्त व्याख्याताओं में यदि अतिशेष है तो उनकी सहमति से रिक्त वाले स्कूलों में अध्यापन कार्य हेतु पदस्थापना किया जाएगा। जो व्याख्याता सहमति नहीं देंगे उनकी सूची शासन स्तर से अन्य जिलो में पदस्थापन हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है अतः 20 तारीख़ तक सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने कहा गया।



बैठक में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी व स्कूल के प्राचार्य।

**ये दिए गए निर्देश**

सभी स्कूलों में गुणवत्ता सुधार हेतु सेंट्रलाइज एग्जाम होना है जिसका लगातार मॉनिटरिंग किया जाएगा। लगातार 1 माह से बिना सूचना के अनुपस्थित होने पर सीधे सेवा समाप्ति की कार्यवाही किया जायेगा दल। सभी स्तर के ड्रापआउट बच्चों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। इसके लिए सर्वे भी कराया जाना है। ज़िला स्तर पर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित किया जाएगा। जी नीट कोचिंग के लिए रायपुर भेजने की तैयारी पूर्ण हो चुका है। पालको के साथ जाने की तैयारी प्राचार्यों को सुनिश्चित करने कहा गया। शाला प्रवेश उत्सव में न्योता भोजन के लिए निर्देशित किया गया।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780